Mr. Diijon DaCosta, Sr., *बोर्ड अध्यक्ष*
Mrs. Deirdre P. Pierce, *उपाध्यक्ष*
Mrs. Anna Hill
Mrs. Whitney McGinniss
Mrs. Allyson Gevertz
Mrs. Vickie B. Turner
Dr. Joyce Morley

DeKalb County School District

Dr. Devon Q. Horton, *अधीक्षक*

**तुरंत विज्ञप्ति हेतु**

29 जुलाई 2024

**संपर्क करें:**
Donald Porter, *Ed.D.* 678-481-4110
Carla Parker 404-734-1717

# 2024-25 स्कूल वर्ष के लिए 20 नए प्रधानाचार्यों की नियुक्ति पर DCSD ने मनाया जश्न

(STONE MOUNTAIN, GA)- DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (*DCSD*) ने 20 प्रेरणादायक नए प्रधानाचार्यों की नियुक्ति का ऐलान किया, जो अपने-अपने स्कूलों को *नए स्तरों, नई ऊंचाइयों* तक ले जाएंगे, और जो 2024-25 स्कूल वर्ष के लिए डिस्ट्रिक्ट की थीम भी है। Avondale, Bob Mathis, Briar Vista, Columbia, Dunwoody, Hawthorne, Henderson Mill, Marbut, Pine Ridge, Shadow Rock, Smoke Rise और Woodward एलिमेंटरी स्कूल; अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी केंद्र; Cedar Grove, Lithonia, Peachtree और Stephenson मिडल स्कूल; और Columbia, Druid Hills और Southwest DeKalb हाई स्कूल अपने-अपने रोमांचक सफ़र की शुरुआत इन शानदार शिक्षकों के मार्गदर्शन में करने जा रहे हैं।

DCSD के अधीक्षक Dr. Devon Q. Horton ने इन उत्कृष्ट स्कूल प्रशासकों के प्रति अपना विश्वास और आभार व्यक्त किया।

Dr. Horton ने कहा, "हमें इन उत्कृष्ट नेताओं का उनकी नई भूमिकाओं में स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि ये प्रधानाचार्य नए स्कूल वर्ष के दौरान और उसके बाद भी अपने भवनों में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। "उनके द्वारा नेतृत्व करने की जिम्मेदारी स्वीकार करने और अपने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की शानदार प्रगति और उपलब्धियों की उम्मीद को बढ़ाने के लिए मैं उनमें से प्रत्येक को धन्यवाद देता हूं।"

आने वाले प्रधानाचार्यों की सूची स्कूल के नाम के अनुसार वर्णानुक्रम में इस प्रकार है:

- **Avondale एलिमेंटरी – Dr. Candace Sagers:** शिक्षा के क्षेत्र में 18 वर्षों के अनुभव के साथ Dr. Sagers एक प्रतिष्ठित नाम हैं। वे Redan हाई स्कूल की एक गौरवशाली DeKalb स्नातक हैं जिन्होंने पिछले एक दशक में Avondale एलिमेंटरी स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है, जहां उनके नेतृत्व को कई पुरस्कारों के माध्यम से मान्यता मिली है।
- **Bob Mathis एलिमेंटरी – Candace Wade-Blaise:** DCSD की विद्यार्थी Ms. Wade-Blaise ने शिक्षक, शैक्षणिक प्रशिक्षक और सहायक प्रधानाचार्य के रूप में डिस्ट्रिक्ट में योगदान दिया है। इससे पहले वे Redan एलिमेंटरी स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य थीं।
- **Briar Vista एलिमेंटरी – Dyani Robinson:** Ms. Robinson 2018 से Briar Vista में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत हैं। शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी व्यापक पृष्ठभूमि और गहरी प्रतिबद्धता ने Briar Vista में शैक्षणिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दिया है।

-और अधिक-

- **Cedar Grove मिडल – James Holloway:** Mr. Holloway 18 वर्षों से शिक्षक हैं और सहायक प्रधानाचार्य के रूप में उन्हें चार वर्षों का अनुभव है। उन्होंने 2006 में Bethune मिडल स्कूल में शिक्षक के रूप में अपना करियर शुरू किया और विभिन्न भूमिकाओं में हाई और मिडल स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों की सेवा करते रहे।
- **Columbia एलिमेंटरी – Candace Hardy:** शिक्षा के क्षेत्र में 21 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, Ms. Hardy ने DCSD के Toney एलिमेंटरी और Columbia एलिमेंटरी स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में कार्य किया है।
- **Columbia हाई – Dr. Pammy Darden:** Dr. Darden को Columbia हाई स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य से प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें शिक्षक, स्कूल परीक्षा समन्वयक, सहायक प्रधानाचार्य और प्रधानाचार्य के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है।
- **Druid Hills हाई – Dr. Michelle Stewart:** Dr. Stewart 25 वर्षों से एक समर्पित शिक्षिका रही हैं। उन्होंने बस चालक, परिवहन डिस्पैचर, शिक्षक, पठन प्रशिक्षक और सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है।
- **Dunwoody एलिमेंटरी – Kanessa Fain:** 23 साल की अनुभवी शिक्षिका, Ms. Fain ने एक प्राथमिक शिक्षिका, साक्षरता और गणित के लिए डिस्ट्रिक्ट की अकादमिक कोच, MTSS समन्वयक और सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है। वे एक प्रतिबद्ध और समर्पित शिक्षिका हैं।
- **Hawthorne एलिमेंटरी – Kia Henley:** Ms. Henley को शिक्षा के क्षेत्र में 20 वर्षों का अनुभव है और अनुदेशात्मक नेतृत्व/प्रबंधन के क्षेत्र में 15 वर्षों का अनुभव है। हाल ही में उन्होंने John Lewis एलिमेंटरी स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है।
- **Henderson Mill एलिमेंटरी – Dr. Regina Blanton:** 24 वर्षों की अनुभवी शिक्षिका Dr. Blanton ने हाल ही में Henderson Mill में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत Japan के Yokota में एक शिक्षिका के रूप में की और जल्दी ही नेतृत्व की भूमिकाओं में आगे बढ़ गईं।
- **अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी केंद्र – Gregory Wickersham:** 28 वर्षों से शिक्षक के रूप में कार्यरत Mr. Wickersham अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी केंद्र में प्रधानाचार्य के रूप में वापस लौट रहे हैं। उन्होंने 2015 से 2017 तक, दो वर्ष इस केंद्र में पढ़ाया। प्रधानाचार्य बनने से पहले, वह Jolley एलिमेंट्री में सहायक प्रधानाचार्य और डिस्ट्रिक्ट के अंग्रेज़ी शिक्षार्थी विभाग के समन्वयक थे।
- **Lithonia मिडल – Dr. Cornelius Polk:** Dr. Polk दस से भी अधिक वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। DeKalb में आने से पहले उन्होंने Fulton और Clayton काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में काम किया है। उन्होंने हाल ही में Clayton काउंटी में कार्यवाहक प्रधानाचार्य के साथ-साथ सहायक प्रधानाचार्य और शिक्षक के रूप में भी कार्य किया।
- **Marbut एलिमेंटरी – Dr. Tiffany Reeves:** शिक्षा के क्षेत्र में 22 वर्ष और DCSD में सात वर्षों की सेवा के साथ, Dr. Reeves ने Navie J. Harris थीम स्कूल में शैक्षणिक सफलता और शिक्षक प्रतिधारण दरों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
- **Peachtree मिडल – Dr. Jennifer Gates:** Dr. Gates ने Peachtree और DCSD को लगभग दो दशकों का शैक्षिक अनुभव प्रदान किया है। उन्होंने कनाडा और Cobb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में एक शिक्षक, शैक्षणिक प्रशिक्षक, अनुदेशात्मक और सहायक प्रधानाचार्य के रूप में कार्य किया है।
- **Pine Ridge एलिमेंटरी – Lindsey Scott:** Ms. Scott, जो 17 वर्षों से शिक्षिका हैं, Hawthorne एलिमेंट्री स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में कार्य कर चुकी हैं तथा 2003 से डिस्ट्रिक्ट स्कूल से जुड़ी हुई हैं।

-और अधिक-

- **Shadow Rock एलिमेंटरी – Dr. Fricreta Rice:** Dr. Rice शिक्षा के क्षेत्र में अपने 15वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। इससे पहले वह सहायक प्रधानाचार्य, टीचर एकेडमी फॉर प्रिपरेशन एंड पेडागॉजी (TAPP) पाठ्यक्रम मानचित्रण और नियोजन प्रशिक्षक, अनुदेशात्मक प्रशिक्षक और शिक्षक के रूप में कार्य कर चुकी हैं।
- **Smoke Rise एलिमेंटरी – Dr. Krystye Tatum:** Dr. Tatum एक वरिष्ठ शिक्षका हैं, जिनके पास 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने एक शिक्षिका, अकादमिक प्रशिक्षक और हाल ही में Woodward एलिमेंटरी स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है।
- **Southwest DeKalb हाई – Brandon Thompson:** Mr. Thompson को शिक्षा के क्षेत्र में 19 वर्षों का अनुभव है, पहले इन्होंने Dr. Martin Luther King, Jr. हाई स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है।
- **Stephenson मिडल – Tonya Izzard:** Ms. Izzard, जिनके पास शिक्षा का 18 वर्ष का अनुभव है, उन्होंने अपने सभी वर्ष डेकाल्ब में ही बिताए हैं, हाल ही में वह Henderson मिडल स्कूल में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत रहीं।
- **Woodward एलिमेंटरी – Kimberly Clark:** शिक्षा के क्षेत्र में 22 वर्षों के अनुभव के साथ Ms. Clark ने Doraville United एलिमेंटरी और Dresden एलिमेंटरी में सहायक प्रधानाचार्य के रूप में काम किया है।

XXX

Robert R. Freeman प्रशासनिक परिसर
1701 Mountain Industrial Blvd. | Stone Mountain, GA 30083
678.676.1200